YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स
नोएडा > गुरुवार, 6 अगस्त 2020 > श्रावण 15 शक संवत 1942 भाद्रपद कृष्ण तृतीया विक्रम संवत 2077
पेज 20* > मूल्य 3.00 या 7.00 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
www.nbt.in

शहर में अयोध्या जैसी रौनक

■ एनबीटी न्यूज/विस, नोएडा/ग्रेनो

■ नोएडा के मंदिरों में दिनभर हुए धार्मिक अनुष्ठान

■ सेक्टरों और सोसायटियों में हुआ दीपोत्सव

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन व शिलान्यास के अवसर पर नोएडा में उत्सव का माहौल रहा। मंदिरों, सेक्टरों और सोसायटियों में अनुष्ठान और दीपोत्सव का आयोजन हुआ। शहर के कुछ इलाकों में आतिशबाजी भी हुई।

सेक्टर-20 के हनुमान मंदिर में संदीप पोरवाल के नेतृत्व में दीपोत्सव हुआ। सेक्टर-1 लाल मंदिर में पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि हनुमान चालीसा का पाठ कर 108 दीपक जलाए गए। सेक्टर- 56 श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजय मावी व मंदिर समिति के लोगों ने दीपोत्सव किया। सेक्टर- 36 के श्रीराम मंदिर मे बीजेपी नेता रविकांत मिश्रा के नेतृत्व में दीये जलाए गए।

सेक्टर-27 जैन मंदिर में सुबोध जैन के नेतृत्व में 101 दीपक जलाए गए। सेक्टर-122 के मंदिर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक द्वारा 101 दीपक श्री रमेश चंद्र गोयल के अगुआई में जलाए गए। सेक्टर-46 में हवन किया गया। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी के राधे कृष्ण मंदिर के राम दरबार में चांदी की ईंट की पूजा की गई। इसे अयोध्या में राम मंदिर के लिए दिया जाएगा। इस दौरान गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ और डायरेक्टर मंजू गौड़ और सोसायटी के कुछ रेजिडेंट्स मौजूद रहे।

सेक्टर 93 एक्सप्रेस व्यू अपार्टमेंट में दिखा दिवाली जैसा नजारा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी के राधे कृष्ण मंदिर के राम दरबार में चांदी की ईंट की पूजा की गई। इसे अयोध्या में राम मंदिर के लिए दिया जाएगा। इस दौरान गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ और डायरेक्टर मंजू गौड़ और सोसायटी के कुछ रेजिडेंट्स मौजूद रहे।